| |
|---|
| दिनांक 08.07.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 367/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## कमिश्नरेट आगरा/थाना एत्मादपुर

- **50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 07.07.2026 को थाना एत्मादपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त सुनील को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना एत्मादपुर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु परिक्षेत्र स्तर से 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना एत्मादपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सुनील निवासी मोहन गार्डन सैनिक विहार फेस–3 थाना नरौला नई दिल्ली, स्थाईपता ग्राम निचुआ जलालपुर थाना कुचाये कोट जनपद गोपालगंज बिहार।

## जनपद झाँसी/थाना नवाबाद

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 01 लाख 49 हजार 100 रूपये नगद**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 07.07.2026 को थाना नवाबाद व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भगवन्तपुरा की तरफ से करगुंवा जी जाने वाले रास्ते से पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्तों 1–छोटेलाल उर्फ पवन 2–दिनेश को घायल/गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 01 लाख 49 हजार 100 रूपये नगद, 02 अवैध तमंचा

315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 04.07.2026 को थाना नवाबाद क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना नवाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना नवाबाद पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–छोटेलाल उर्फ पवन निवासी हाइटेक सिटी नहर के पास थाना रक्सा जनपद झाँसी।

2–दिनेश निवासी ग्राम टीला थाना करैरा जनपद शिवपुरी।

**बरामदगी**

1–लूट के 01 लाख 49 हजार 100 रूपये नगद।

2–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

3–घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि।

**जनपद कुशीनगर/थाना चौराखास**

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 01 लाख 40 हजार रूपये नगद**
- **लूट का 01 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 08.07.2026 को थाना चौराखास व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 04 अभियुक्तों 1–अफजल 2–शहनवाज 3–वीरेन्द्र कुमार उर्फ जगुआर 4–नीरज को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 01 लाख 40 हजार रूपये नगद, लूट का 01 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 06.07.2026 को थाना चौराखास क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना चौराखास पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, मोबाइल फोन उक्त लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना चौराखास पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अफजल निवासी रघुनन्दनपुर मंगल टोला थाना चौराखास जनपद कुशीनगर।

2–शहनवाज निवासी भानपुर थाना चौराखास जनपद कुशीनगर।

3–वीरेन्द्र कुमार उर्फ जगुआर निवासी दुहौना थाना कटया जनपद गोपालगंज बिहार।

4–नीरज निवासी रघुनन्दनपुर मंगल टोला थाना चौराखास जनपद कुशीनगर।

**बरामदगी**

1–लूट के 01 लाख 40 हजार रूपये नगद।

2–लूट का 01 मोबाइल फोन।

3–घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साइकिल आदि।

## कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सेक्टर–49

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 10 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 07.07.2026 को थाना सेक्टर–49 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बिजली घर सेक्टर–50 नोएडा के पास से 02 अभियुक्तों 1–बलिन्दर 2–विवेक को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 10 मोटर साइकिल बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 05.07.2026 को थाना सेक्टर–49 क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा मोटर साइकिल चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सेक्टर–49 पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा

रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद मोटर साइकिल चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सेक्टर–49 पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–बलिन्दर निवासी ग्राम होशियारपुर थाना सेक्टर–49 नोएडा, मूलपता ग्राम गोपालगंज जनपद कटिहार बिहार।

2–विवेक निवासी ग्राम होशियारपुर सेक्टर–51 नोएडा।

**बरामदगी**

1–चोरी की 10 मोटर साइकिल।

- **जनपद फिरोजाबाद/थाना नसीरपुर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 70 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद फिरोजाबाद पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद फिरोजाबाद द्वारा थाना नसीरपुर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 115(2)/352/351(2) बीएनएस, 5एम/6 पॉक्सो एक्ट व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त अनुज उर्फ ढईया को आजीवन कारावास व 70 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद अम्बेडकरनगर/थाना बेवाना (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को सश्रम आजीवन कारावास की सजा व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद अम्बेडकरनगर द्वारा थाना बेवाना पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त मुकेश कुमार को सश्रम आजीवन कारावास व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद बुलन्दशहर/थाना जहाँगीराबाद (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना जहाँगीराबाद पर पंजीकृत अभियोग में धारा 103(1)

बीएनएस के अन्तर्गत अभियुक्त सचिन कुमार को आजीवन कारावास व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>कमिश्नरेट लखनऊ/थाना को0 हजरतगंज (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तो को 20–20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 51–51 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

कमिश्नरेट लखनऊ पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय लखनऊ द्वारा थाना को0 हजरतगंज पर पंजीकृत अभियोग में धारा 363/365/323/376डी भादवि व 5/6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त 1–दादू उर्फ आकाश 2–तुसी उर्फ आदित्य को 20–20 वर्ष के सश्रम कारावास व 51–51 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

———————